— दैनिक समाचार पत्र —

# मुमन पत्रिका

वर्ष: 03 अंक: 151 | मूल्य: 2.00 रुपए | गुरुवार 04 जून 2026 | पृष्ठ: 4

# होटल में आग...21 मौतें...

## मरने वालों में 11 विदेशी, 8 राजस्थान-हरियाणा के होटल की फायर एनओसी नहीं थीं

नई दिल्ली।

दिल्ली में मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में बुधवार को आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक मरने वालों में 11 विदेशी नागरिक हैं। इनमें 9 अफ्रीकी और 2 तुर्कमेनिस्तान के हैं। एजेंसी ने पहले ये आंकड़ा 17 बताया था। जानकारी के मुताबिक, मृतक 10 भारतीयों में से 8 आपस में रिश्तेदार थे। इनमें 3 राजस्थान के और 5 हरियाणा के रहने वाले थे। हादसे में कुल 35 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 19 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। दिल्ली पुलिस ने होटल मालिक लवकेश बजाज को हिरासत में लिया है। दिल्ली फायर सर्विस और स्थानीय लोगों के मुताबिक, मालवीय नगर में मौजूद इस होटल के रेस्टोरेंट में सुबह 8.50 बजे आग लगी। आग ऊपरी मंजिलों पर बने कमरों और बेसमेंट तक पहुंच गई। चीफ फायर ऑफिसर अभिलाष मलिक ने कहा, फायर टीम ने यहां से 37 लोगों को बाहर निकाला। बिल्डिंग की फायर एनओसी नहीं थी। होटल में 25 कमरे हैं। वहीं, हादसे के वीडियो में कुछ लोग जान बचाने के लिए जलती हुई इमारत की तीसरी-चौथी मंजिल से कूदते नजर आ रहे हैं। इन्हें बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने जमीन पर गद्दे भी बिछाए थे। होटल से 40 लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है। आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। पिछले 6 महीनों में दिल्ली में आग की अलग-अलग घटनाओं में 66 लोगों की मौत हो चुकी है।

**रेस्टोरेंट के ऊपर होटल था, आग 6 मंजिल तक पहुंची**–आग 6 मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर बने बी-एन-बी रेस्टोरेंट में लगी। कुछ देर बाद होटल में ऊपर की तरफ फैल गई। यह होटल दिल्ली के प्रेस एन्क्लेव रोड पर है। यहीं पर मैक्स हॉस्पिटल और एम्स भी है। बताया जा रहा है कि इन अस्पतालों में इलाज कराने आने वालों के परिजन भी इस होटल में रुका करते थे।




### होटल में 6 रूम की परमिशन थी, लेकिन 25 कमरे थे

फ्लरिस स्टे गेस्टहाउस को बेड एंड ब्रेकफास्ट कॉन्सेप्ट के तहत लाइसेंस जारी किया गया था। इसके तहत 6 रूम की परमिशन थी, लेकिन 25 कमरे बने थे। आग लगने के बाद होटल के रेस्टोरेंट के बेसमेंट में भी काफी लोग फंसे थे। इसमें अंदर जाने और बाहर निकलने का रास्ता एक ही था, जो बहुत संकरा था होटल के पास फायर हृश्ष्ट नहीं थी। आने-जाने का भी एक ही रास्ता था।

### मैक्स अस्पताल बोला- 18 लोगों की पहले ही मौत हो चुकी थी, एम्स में 13 लोग भर्ती

मैक्स अस्पताल के अधिकारी के मुताबिक कुल 39 लोगों को यहां लाया गया था। इनमें से 18 की पहले ही मौत हो चुकी थी। 5 लोगों को हल्की चोटें थीं। उन्हें डिस्चार्ज किया गया है। 15 लोग आईसीयू में एडमिट हैं, इनमें से 8 वेंटिलेटर पर हैं। जिनकी हालत गंभीर है। एक व्यक्ति बहुत ज्यादा झुलस गया था, उसे सफदरजंग अस्पताल रैफर किया गया है। वहीं, एम्स में 13 लोगों का इलाज जारी है। इनमें 3 लोग वह हैं, जिन्होंने होटल के कमरों से जान बचाने के लिए छलांग लगाई थी। एक व्यक्ति पैर टूट गए हैं।

## डीके शिवकुमार कर्नाटक सीएम बने



बेंगलुरु।

डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान रखे हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था। जी परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे। उधर, बी के हरिप्रसाद कर्नाटक कांग्रेस के नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

### शपथ में राहुल-खड़गे शामिल हुए

नई कैबिनेट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक भी शामिल हैं। मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा केरल, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से ठीक एक दिन पहले सिद्धारमैया को कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य नियुक्त किया गया।

## डेनमार्क की प्रधानमंत्री बनने पर मेटे फेडरिक्सन को पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने पर बधाई दी है। उन्होंने भारत और डेनमार्क के बीच हरित रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में मेटे फ्रेडरिक्सन को डेनमार्क के प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी फिर से संभालने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने उन्हें अपनी मित्र बताते हुए उनके नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

### भारत-डेनमार्क संबंधों को बताया अटूट

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और डेनमार्क के बीच संबंध आपसी विश्वास, साझा मूल्यों और सतत भविष्य के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत और दीर्घकालिक साझेदारी का उदाहरण बताया।

### हरित रणनीतिक साझेदारी को मिलेगा नया बल

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ मिलकर भारत-डेनमार्क हरित रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों देश पर्यावरण संरक्षण, हरित प्रौद्योगिकी और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

### जनता के हित में बढ़ेगा सहयोग

प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ता सहयोग भारत और डेनमार्क के नागरिकों के हित में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और विस्तार देने की उम्मीद जताई।

## कर्जमाफी से लेकर सिंचाई विस्तार तक योगी ने गिनाई किसान हित की उपलब्धियां

नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक समय देश का अन्नदाता किसान कर्ज, बढ़ती लागत, प्राकृतिक आपदाओं और उपज के उचित मूल्य के अभाव से जूझ रहा था, लेकिन पिछले नौ वर्षों में केंद्र और प्रदेश सरकार की किसान-केंद्रित नीतियों ने कृषि क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने कहा कि अब किसानों को उनकी उपज का लागत मूल्य का डेढ़ गुना तक पारिश्रमिक मिल रहा है।

गोरखपुर में खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का शुभारंभ

बुधवार को गोरखपुर में आयोजित संयुक्त मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2026 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को कर्जमुक्त करने, उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए गए हैं।

### किसानों की समस्याओं का किया उल्लेख

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से 2014 के बीच देश में लाखों किसानों ने आत्महत्या की थी। इसके पीछे गुणवत्तापूर्ण बीजों की कमी, खेती की बढ़ती लागत, कम उत्पादन, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ न मिलना और प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था का अभाव प्रमुख कारण थे। उन्होंने कहा कि किसान कठिन परिश्रम से फसल तैयार करता था, लेकिन उसे अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था, जिससे कृषि क्षेत्र लगातार संकट में फंसता चला गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में सरकार गठन के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में किसानों की कर्जमाफी का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया।

### मुख्यमंत्री ने ली गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक

## अवैध वाहन मॉडिफिकेशन पर कसे शिकंजा, करें सख्त कार्रवाई : सीएम

जयपुर।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त गिरोहों के विरूद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ड्रग तस्करों के आर्थिक तंत्र को ध्वस्त करने के लिए इन माफिया की अवैध संपत्तियों पर जब्ती, कुर्की एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। साथ ही, पीआईटीएनडीपीएस के अंतर्गत भी संदिग्ध माफियाओं पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े संगठित गिरोहों के छोटे-बड़े सभी नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन से तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए निगरानी एवं सतर्कता बढ़ाई जाए। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने तथा बेहतर समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा अपराध की जड़ है तथा समाज व परिवारों पर इसके दूरगामी दुष्प्रभाव होते हैं। इसलिए नशे के खिलाफ जन-जागरूकता के लिए प्रदेशव्यापी अभियान चलाएं तथा सामाजिक क्षेत्र की संस्थाओं के साथ जुड़कर इसे जन आंदोलन बनाएं। साथ ही, इस मुहिम में महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने पुलिस, प्रशासन और परिवहन विभाग के संयुक्त अभियान के माध्यम से वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन कर मादक पदार्थों का परिवहन सहित अन्य गैर कानूनी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वाहनों के मॉडिफिकेशन की आड़ में अपराधी कानून से बचने का प्रयास करते है। साथ ही, ऐसे वाहन सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। ऐसी अवांछित गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम के लिए राज्यभर में व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।

## अहमदाबाद में 166 बांग्लादेशी पकड़े गए

### 300 से ज्यादा संदिग्ध हिरासत में लिए गए, शहर के तीन इलाकों में पुलिस का एक्शन



अहमदाबाद।

अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने अवैध घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शहर के तीन इलाकों से 300 से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जांच में 166 बांग्लादेशी पाए गए हैं, जबकि अन्य संदिग्धों के डॉक्यूमेंट्स की जांच की जा रही है। 2 जून की रात चलाए गए अभियान में अहमदाबाद पुलिस और क्राइम ब्रांच ने चंडोला, गुलाबनगर और खोडियारनगर क्षेत्रों में कार्रवाई की थी। हिरासत में लिए गए सभी लोगों को क्राइम ब्रांच कैंपस में रखा गया है।

### पूरे शहर में तलाशी अभियान

क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने बताया कि चंदोला इलाके में लगातार चल रहे अभियानों के कारण बड़ी संख्या में अवैध निवासी एक जगह टिकने से बच रहे हैं। वे पहचान बदलकर शहर के अलग-अलग इलाकों में किराए के मकानों, झुग्गी-झोपड़ियों, होटलों, कामगार आवासों और व्यावसायिक स्थानों में रह रहे हैं। इसलिए पूरे शहर में एक साथ तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अवैध प्रवासियों को पकड़ने की कार्रवाई लंबी चलने वाली है।

## ममता की टीएमसी टूटी, 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया

### ऋतब्रत बनर्जी को विधायक दल का नेता चुना, स्पीकर ने मंजूरी भी दी

कोलकाता।

ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में 28 साल के इतिहास में पहली बार औपचारिक तौर पर टूट सामने आई है। बुधवार को 58 बागी विधायकों ने पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुना। विधानसभा स्पीकर रथींद्र बोस को समर्थन पत्र दिया।

इसमें मांग की गई कि ऋतब्रत को नेता विपक्ष घोषित किया जाए। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, स्पीकर ने मंजूरी दे दी है। उन्हें विधानसभा में नेता विपक्ष का रूम भी अलॉट कर दिया गया है। जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली साहा को उपनेता जबकि अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है।

हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर अभी विधानसभा स्पीकर और ममता बनर्जी का कोई बयान नहीं आया है। ममता के पास अब 22 विधायकों का समर्थन है। टीएमसी ने 294 सीटों में से 80 सीटें जीती थीं। यह विवाद उस समय शुरू हुआ, जब नेता विपक्ष चुनने के प्रस्ताव पर फर्जी साइन का आरोप लगाने के बाद ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से बाहर कर दिया गया था। इसी बीच सीनियर लीडर कुणाल घोष ने बताया कि टीएमसी विधायक फिरहाद हकीम ने कोलकाता के मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है।



अभिषेक से कोई संबंध नहीं- अभिषेक बनर्जी से हमारी पार्टी और जनता का दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। अगर संबंध होता तो वे 26 दिनों तक छिपे नहीं रहते बल्कि बाहर आते। अभिषेक को चोरों की तरह पीटा गया है। पिटाई के बाद भी अभिषेक कह रहे थे कि उनकी सुरक्षा जनता करेगी। बता दें कि अभिषेक से दक्षिण सोनारपुर में 30 मई को मारपीट हुई थी। वे चुनावी हिंसा में मारे गए कार्यकर्ता के परिवार से मिलने गए थे। दो-तिहाई से ज्यादा विधायक- हमारे साथ टीएमसी के दो-तिहाई से ज्यादा विधायक हैं। दो अन्य विधायक भी समर्थन दे चुके हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक दल को मान्यता दे दी है और नेता विपक्ष का ऑफिस रूम भी उन्हें दे दिया है। हमारे पास बहुमत है। संसदीय परंपराओं के अनुसार विधानसभा में हम ही असली और मुख्य विपक्ष हैं। मैं बॉस नहीं- मैं बॉस नहीं हूं। मैं बॉसिज्म में विश्वास नहीं करता। मैं हम में विश्वास करता हूं। सभी फैसले चर्चा के बाद लिए जाएंगे। सरकार का विरोध करेंगे- सरकार की जिन नीतियों को हम गलत मानेंगे उनका विरोध करेंगे।

## कुवैत एयरपोर्ट पर ईरानी हमले में भारतीय की मौत

### 63 लोग घायल, कई की हालत गंभीर

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हैं। इनमें कई लोगों की हालत गंभीर है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने इस घटना पर शोक जताया है। कुवैत के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कई लोगों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद 25 एम्बुलेंस मौके पर भेजी गईं और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हमले से एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 को भारी नुकसान पहुंचा। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर कुछ समय के लिए एयरपोर्ट ट्रैफिक रोक दिया गया। इससे पहले अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया था कि ईरान ने कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैनिकों पर फिर ड्रोन हमले किए। हालांकि, सारे हमले नाकाम हो गए।

### ट्रम्प ने माना- नेतन्याहू को फोन पर गाली दी थी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने माना है कि उन्होंने सोमवार को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फोन पर बातचीत के दौरान उन्हें '*** पागल' कहा था। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह नेतन्याहू की इज्जत करते हैं और उनके साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिले लाओस के उप प्रधानमंत्री, द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**नई दिल्ली.** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से बुधवार को लाओ जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री थोंगसावन फोमविहाने ने राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। भारत की अपनी पहली यात्रा पर आए फोमविहाने का राष्ट्रपति ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

### 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं दोनों देश

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत और लाओ जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य के बीच गहरे सभ्यतागत संबंध हैं, जो बौद्ध धर्म और रामायण की साझा विरासत में दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दोनों देश राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, जो द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

### पीएम मोदी की लाओस यात्रा का किया उल्लेख

द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अक्टूबर 2024 में आसियान से जुड़े शिखर सम्मेलनों में भाग लेने के लिए लाओस गए थे। उस यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए थे, जिससे दोनों देशों के बीच सहयोग को नई गति मिली।

### व्यापार और निवेश में अपार संभावनाएं

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और लाओस के बीच द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि हुई है, लेकिन व्यापार और निवेश के क्षेत्र में अभी भी व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।



## कुवैत एयरपोर्ट पर ईरानी हमले में भारतीय की मौत:63 लोग घायल

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हैं। इनमें कई लोगों की हालत गंभीर है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने इस घटना पर शोक जताया है। कुवैत के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कई लोगों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद 25 एम्बुलेंस मौके पर भेजी गईं और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हमले से एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 को भारी नुकसान पहुंचा। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर कुछ समय के लिए एयरपोर्ट ट्रैफिक रोक दिया गया।

## सम्पादकीय

"मानवता सुख शांति प्रेम का, अखिल विश्व में हो
विस्तारस्वतंत्रता का हनन न होवे, रहे सुरक्षित जन अधिकार"

# महिला उत्पीड़न और हिंसा समाज के लिए कलंक

2013 में उषा मेहरा आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा था कि यौन उत्पीड़न तथा तमाम अपराधों की शिकार महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर की जरूरत है, जिसमें महिलाओं को इलाज के साथ-साथ दूसरी सुविधाएं भी मिल सकें। 2015 में इसी रिपोर्ट के आधार पर देशभर में महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर स्थापित किए गए। भारत में '181' टोल फ्री महिला हेल्पलाइन नंबर है। जैसे ही कोई परेशान महिला इस नंबर पर फोन करती है, जिस जगह से वह फोन कर रही होती है, यह नंबर अपने आप वहां के सखी वन स्टॉप सेंटर पर चला जाता है। स्क्रीन पर महिला का नाम, नंबर, जगह आदि दिखाई देने लगते हैं। इन केंद्रों पर काम करने वाली स्त्रियां, फौरन महिला से संपर्क करती हैं। यहां महिलाओं को पुलिस सहायता, आवास, खाना, इलाज, कपड़े, तथा अन्य जरूरत का सामान दिया जाता है। एक ही स्थान पर इन सभी सुविधाओं को प्रदान इसलिए किया गया है कि परेशान स्त्रियों को अलग-अलग जगहों पर भटकना न पड़े। यहां जिस तरह की महिलाएं आती हैं, उनकी कहानी सुनकर दिल दहल उठता है। इनमें से बहुत-सी महिलाएं पढ़ी-लिखी हैं, आत्मनिर्भर भी हैं। कई विदेश में रहकर भी तरह-तरह की हिंसा और अपराध झेलने के लिए मजबूर होती हैं। किसी के पूरे शरीर पर चोट के निशान हैं। किसी की हड्डी टूटी हुई है। मारपीट, घर से निकालना आम बात है। किसी को घर में खाना तो क्या, चाय और बिस्कुट खाने तक पर पाबंदी है, क्योंकि इन पर पैसे खर्च होते हैं। ये भिन्न-भिन्न आर्थिक स्थितियों से आती हैं, पर सबकी कहानी लगभग एक जैसी ही है। पति और सुसराल वालों की मारपीट, तरह-तरह की हिंसा, ब्लैकमेलिंग, या फिर यौन उत्पीड़न। ये जैसे समवेत स्वर में कहती हैं कि उन्होंने बहुत कोशिश की कि मारपीट सहकर, भूखी रहकर भी अपने संबंधों को बचा लिया जाए, पर जब बहुत मजबूर हुईं, तभी हेल्पलाइन पर फोन किया। ऐसा क्यों है कि हर तरह के अपराध झेलने के बाद भी लांछन और बदनामी सिर्फ महिलाओं के सिर ही आती है। जिन्होंने अपराध किए, उनका अक्सर कुछ नहीं बिगड़ता। महिलाओं को ही घर से बाहर निकाला जाता है। जो घरवाले दिखावे के नाम पर लड़कियों की शादी में अनाप-शनाप पैसा खर्च करते हैं, वे क्यों नहीं उनके लिए सबसे पहले एक छत का इंतजाम करते, जिससे कि किसी आपदा के समय वे वहां रह सकें। लेकिन, उन गरीब स्त्रियों का क्या, जिनके माता-पिता के पास संसाधन नहीं, वे जैसे-तैसे लड़की का विवाह करते हैं, और विवाह के बाद अक्सर मान लिया जाता है कि अब लड़की के प्रति उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं रह गई। यह कथन कि 'जिस घर में डोली आई थी, वहां से अर्थी ही निकले', आज भी घरवालों के कानों में शायद गूंजता है, तभी तो, यदि लड़कियां अपने प्रति होते अत्याचारों को बताएं भी, तब भी घरवाले ध्यान नहीं देते। कहते हैं कि ऐसा तो होता ही है। एडजस्ट कर लो। धीरे-धीरे सब ठीक हो जाएगा। पर, क्या ऐसा होता है। कितनी ही स्त्रियों को बिना आर्थिक मदद के बाल-बच्चों समेत, घर से बाहर निकाल दिया जाता है। वे दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर होती हैं। अपने परिवार से भी शायद ही कोई सहायता मिलती है। महानगरों या नगरों में तो वन स्टॉप सेंटर मिल भी जाएंगे, लेकिन दूर-दराज के इलाकों में रहने वाली स्त्रियां आखिर क्या करें? जिन्हें अपना माना, वे ही अगर दैत्य सरीखा व्यवहार करें, तो उनसे कैसे बचें। क्योंकि यौन अपराध के बानवे प्रतिशत मामले उन्हीं के द्वारा होते हैं, जिन्हें परिवार, परिचित या मित्र कहा जाता है। हाल ही के एनसीआरबी आंकड़े बताते हैं कि अपने देश में हर साल 4.5 लाख महिलाएं तरह-तरह के अपराधों का शिकार होती हैं। इनमें 31 प्रतिशत अपराध, पति या उसके परिवारजनों द्वारा किए जाते हैं इसलिए, इन महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर्स की जानकारी अवश्य होनी चाहिए, जिससे कि जब भी जरूरत पड़े, वे मदद ले सकें। स्कूल-कालेजों में भी इनकी जानकारी दी जाए, जिससे बच्चियां और बच्चे इन नंबरों के बारे में जान सकें और सुरक्षित रह सकें।

> इन दिनों भोपाल की त्विषा शर्मा, नोएडा की दीपिका नागर और जयपुर में हुई एक अन्य ऐसी घटना काफी चर्चा में रही हैं। इन लड़कियों ने जान गंवा दी है। यदि इनके परिवार वालों ने इनकी सुनी होती, किसी हेल्पलाइन तक ये पहुंच सकतीं, तो शायद आज जीवित होतीं।

# अविश्वास से घिरती जा रहीं परीक्षाएं

**जगमोहन सिंह राजपूत**

देश में प्रश्नपत्रों का परीक्षा से पहले 'आउट' हो जाना लगभग सामान्य प्रक्रिया बन चुकी है। इसका विस्तार बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से लेकर सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए होने वाली परीक्षाओं तक फैल चुका है। सरकारी तंत्र ने अगले वर्ष के लिए सुधारों का आश्वासन दिया है। यह आवश्यक भी था, लेकिन जो अविश्वास पूरे देश में फैल चुका है, क्या उसका समाधान भी हो पाया है? अपराधियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। कुछ लोग तो वर्षों से इस प्रकार के अवैध कार्यों को व्यवसाय की तरह संचालित करते रहे हैं। निश्चित रूप से उन्हें कहीं न कहीं से संरक्षण भी मिलता रहा होगा। हर बार सरकारी तंत्र प्रश्नपत्र तैयार करने, उसे परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाने और परीक्षा प्रारंभ होने तक उसकी गोपनीयता बनाए रखने की व्यवस्था में सुधार करता है, लेकिन समस्या का एक बड़ा पक्ष ऐसा भी है, जिसे सभी जानते हैं, पर उसकी ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। कुछ वर्ष पहले बिहार की एक बोर्ड परीक्षा के परिणामों को लेकर देशव्यापी चर्चा हुई थी। उस दौरान एक छात्रा का यह कथन व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर करने वाला था कि मैं तो सेकेंड डिवीजन में पास होना चाहती थी, चाचा ने टाप करा दिया। यह एक ऐसा संकेत था, जो समस्या के वास्तविक समाधान की दिशा दिखा सकता था। हमें इस पर भी विचार करना होगा कि आखिर लीक हुए प्रश्नपत्र कौन खरीदता है? इसके लिए धन तो परिवार ही देता है और साल्वर, वह भी नीट जैसी परीक्षा में, कौन बन सकता है? कोई मेडिकल की पढ़ाई कर रहा छात्र या डाक्टर बन चुका सुशिक्षित व्यक्ति ही यह कार्य कर सकता है। क्या इस देश ने कभी नागरिकों को यह बताया कि किसी साल्वर को या बड़ी धनराशि देकर अपने लाड़लों के लिए प्रश्नपत्र खरीदने वाले परिवार के किसी सदस्य को क्या सजा मिली? इस प्रकार के मामलों और ऐसी अन्य कारगुजारियों में अपराधियों को दंडित करने के मामले में भारत इतना कमजोर क्यों है? या यूं कहें कि व्यवस्था इतनी शिथिल क्यों है? संविधान में मूलभूत कर्तव्य 42वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़े गए थे। यदि सरकार, शिक्षित वर्ग और समाज इनका पालन करते होते तो क्या प्रश्नपत्र लीक होते? आगे क्या केवल कानून बदलकर प्रश्नपत्र लीक को रोका जा सकेगा? व्यवस्था को लगातार सतर्क तो रहना ही होगा, लेकिन जब तक शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के भीतर मानवीय तत्व को जागृत करने में असमर्थ रहेगी, तब तक ऐसी आशंकाएं साकार होती रहेंगी और परीक्षाओं की साख पुनः स्थापित नहीं हो पाएगी। नीट के प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच तेजी से चल रही है। यह स्पष्ट हो गया है कि जो लोग प्रश्नपत्र बनाने योग्य समझे गए थे, जो विशेषज्ञ माने जाते थे, वे अपेक्षित नैतिक स्तर पर खरे नहीं उतरे।



> केवल आर्थिक और तकनीकी प्रगति पर्याप्त नहीं है। यदि उसके साथ नैतिक विकास नहीं जुड़ा होगा तो समाज और राष्ट्र दोनों ही गंभीर चुनौतियों का सामना करते रहेंगे।

स्वतंत्रता के बाद के पहले कई दशकों तक परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक क्यों नहीं होते थे। वर्ष 1965-70 तक समाज में हर तरफ ऐसे लोग उपस्थित थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए त्याग किया था, तपस्या की थी और अपना सर्वश्रेष्ठ देश तथा उसके नागरिकों के लिए समर्पित कर दिया था। आज स्थिति कहां पहुंच गई है? सत्ता में पहुंचकर या व्यवस्था का अंग बनकर सामान्य जन को भूल जाना लगभग पूरी तरह स्वीकार्य हो चुका है। महात्मा गांधी का एक सूत्र-वाक्य लगभग हर विचार-विमर्श में दोहराया जाता है कि %प्रकृति के पास सभी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन किसी एक व्यक्ति के लालच की पूर्ति के लिए नहीं। क्या नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने जैसी अनेक कष्टदायक घटनाओं के कारण इसी विचार में कहीं छिपे नहीं हैं? अंततः वह धन-लोलुपता ही है, जो एक अनुभवी अध्यापक को अपनी नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा को भुलाकर एक जघन्य सामाजिक अपराध की ओर धकेल देती है। यह उस शिक्षा-व्यवस्था और पाठ्यक्रम की भी असफलता है, जो विद्यार्थियों को परीक्षाएं तो उत्तीर्ण करा देता है, लेकिन शिक्षा के सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य-नैतिकता और मानवीय मूल्यों के साथ व्यक्तित्व-निर्माण में पूरी तरह असफल सिद्ध होता है। नैतिकता का ह्रास भारत के भविष्य पर सीधी चोट कर रहा है। विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष, एआइ और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के युवा किसी से पीछे नहीं हैं। फिर भी प्रश्न यह है कि हम परीक्षाओं को ईमानदारी और विश्वास के साथ संपन्न कराने में स्वयं को असमर्थ क्यों पाते हैं? एक महत्वपूर्ण पक्ष, जिस पर अपेक्षित चर्चा नहीं होती, वह है मनुष्य की बढ़ती स्वार्थपरकता, संग्रह की प्रवृत्ति और धन के निर्बाध दुरुपयोग का अहंकार। स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक इस विषय पर गंभीर वैचारिक मंथन की आवश्यकता है। ऐसी शिक्षा-पद्धति और विकल्पों की तलाश करनी होगी, जो केवल ज्ञान और कौशल ही नहीं, बल्कि नैतिकता से संपन्न व्यक्तित्व का भी निर्माण करें। साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी अपने जीवन के लक्ष्यों, सामाजिक दायित्वों और जनहित की समझ पर निरंतर आत्ममंथन करते रहना होगा। केवल आर्थिक और तकनीकी प्रगति पर्याप्त नहीं है। यदि उसके साथ नैतिक विकास नहीं जुड़ा होगा तो समाज और राष्ट्र दोनों ही गंभीर चुनौतियों का सामना करते रहेंगे।

# आभासी कैदखाने से बाहर निकलिए

**सिनेमा** के परदे पर अलग-अलग भूमिकाओं में कमाल की प्रतिभा दिखाने वाली मशहूर अभिनेत्री तापसी पन्नू का एक ताजा बयान खासतौर से युवा पीढ़ी और सोशल मीडिया के एडिक्ट हो गए लोगों को बहुत ध्यान से पढ़ना चाहिए।

वे चेतावनी दे रही हैं कि- ''बनावटी रूप से सुंदर दिखने और इंस्टाग्राम परफेक्ट तस्वीरों के लिए अपने शरीर पर अत्याचार करना बंद कीजिए। पन्नू के बयान की लाइन से मेल खाता हुआ एक और बयान पिछले दिनों आया था जिसमें बीते जमाने की शानदार अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि कहती हैं- ''आज कई कलाकार वास्तविक काम के बजाय केवल सतही प्रचार और दृश्यता के सहारे लाइमलाइट में बने रहना चाहते हैं।' ये दोनों बातें केवल फिल्मी दुनिया तक सीमित नहीं हैं। यदि गहराई से देखें तो ये हमारे समय के एक बड़े सामाजिक और मनोवैज्ञानिक संकट की ओर संकेत करती हैं। ये बयान उस बहुआयामी अदृश्य कारागार को उजागर करते हैं, जिसमें आज की युवा पीढ़ी स्वेच्छा से कैद हो चुकी है। एक ऐसी संस्कृति, जहां व्यक्ति की वास्तविक पहचान, प्रतिभा और व्यक्तित्व से अधिक महत्व उसकी डिजिटल पैकेजिंग और बाहरी प्रदर्शन को मिलने लगा है।

### फ्लैट मिडरिफ की सनक और वास्तविकता

फैशन, फिटनेस उद्योग और सोशल मीडिया जगत में नाभि और कमर के आसपास के हिस्से को बिल्कुल समतल, बिना किसी उभार के दिखाने को फ्लैट मिडरिफ, परफेक्ट टमी या जीरो बेली कहा जाता है। तापसी पन्नू ने खुलकर स्वीकार किया कि इस आदर्श छवि को पाने के लिए उन्होंने खुद को शारीरिक रूप से अत्यधिक प्रताड़ित किया और घंटों जिम में बिताए। जबकि पोषण विशेषज्ञों और स्त्री रोग विशेषज्ञों के अनुसार, महिलाओं के पेट के निचले हिस्से में थोड़ा उभार होना न केवल सामान्य है, बल्कि उनके जैविक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है। यह हल्का उभार केवल फैट का जमा होना नहीं बल्कि नाजुक अंगों की सुरक्षा के लिए प्रकृति द्वारा बनाया गया एक सुरक्षा कवच है। जब युवा अत्यधिक व्यायाम या कम कैलोरी वाले खान-पान से इसे जबरन हटाने का प्रयास करते हैं, तो एक तरह से प्रकृति के विरुद्ध जाकर खुद के ही शरीर को नुकसान पहुंचा रहे होते हैं।




> आज की पीढ़ी स्वस्थ दिखने की अंधी दौड़ में अपना वास्तविक स्वास्थ्य ही खोती जा रही है। और उनकी इस सनक ने दुनिया में अरबों खरबों रुपये का कारोबार खड़ा कर दिया है।

### सुंदरता का नया कारागार

विडंबना यह है कि आज की पीढ़ी स्वस्थ दिखने की अंधी दौड़ में अपना वास्तविक स्वास्थ्य ही खोती जा रही है। और उनकी इस सनक ने दुनिया में अरबों खरबों रुपये का कारोबार खडा कर दिया है। वैश्विक स्तर पर %ब्यूटी एंड वेलनेस% का बाजार आज 600 अरब डॉलर से भी अधिक का हो चुका है। कॉस्मेटिक सर्जरी, स्किन ट्रीटमेंट, वजन घटाने वाले कृत्रिम उत्पाद, एआई-आधारित फिल्टर और फिटनेस ऐप्स का यह विशाल साम्राज्य केवल उत्पाद नहीं बेच रहा, बल्कि यह असुरक्षा की भावना बेच रहा है। बाजार ने एक नया दबाव निर्मित किया है- हर समय अच्छा दिखो और दुनिया को दिखाते रहो कि तुम अच्छे दिख रहे हो। पहले सौंदर्य प्रसाधनों का उद्देश्य त्वचा को साफ और स्वस्थ रखना होता था। लेकिन आज, कैमरे के लिए शरीर को जबरन एक खास सांचे में ढाला जा रहा है। पहले कपड़े शरीर के लिए बनते थे, अब शरीर को कपड़ों के हिसाब से बदला जा रहा है। यह केवल कॉस्मेटिक बदलाव नहीं, बल्कि प्रकृति द्वारा प्रदत्त जैविक संरचना के खिलाफ एक अवांछित संघर्ष है।

## उत्कृष्ट कार्य पर 7 पुलिसकर्मियों को 60 हजार का नकद इनाम

मुमन पत्रिका

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की अपराध शाखा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात पुलिसकर्मियों को कुल 60 हजार रुपये के नकद इनाम एवं प्रशंसा पत्र देने की घोषणा की है। यह सम्मान फरार इनामी बदमाश की गिरफ्तारी एवं गुम मोबाइल बरामदगी में उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया गया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा बिपिन कुमार पाण्डेय द्वारा जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2021 के चर्चित प्रकरण में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश रामनिवास विश्नोई की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाने वाले पांच पुलिसकर्मियों को 50 हजार रुपये का इनाम दिया गया है। वहीं डीडवाना-कुचामन साइबर सेल के पुलिसकर्मियों द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न राज्यों से गुम एवं चोरी हुए मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों तक पहुंचाने पर सहायक उप निरीक्षक प्रेम प्रकाश एवं महिला कांस्टेबल निशा कंवर को 5-5 हजार रुपये का नकद इनाम प्रदान किया गया है। एडीजी बिपिन कुमार पाण्डेय ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का सम्मान अन्य कार्मिकों को भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करता है।

## आरएसी के 128 पुलिसकर्मियों का सम्मान, डीजी संजय अग्रवाल ने बढ़ाया उत्साह

मुमन पत्रिका

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की आर्म्ड बटालियन में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 128 पुलिसकर्मियों को बुधवार को पुलिस मुख्यालय में सम्मानित किया गया। महानिदेशक पुलिस आर्म्ड बटालियन संजय अग्रवाल एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस रुपिंदर सिंह ने जवानों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में खेल, प्रशिक्षण, रिजर्व पुलिस लाइन प्रबंधन, सामान्य प्रशासन एवं कल्याणकारी कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 116 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति डिस्क एवं प्रशस्ति रोल के लिए चयनित किया गया। वहीं घुड़सवार और बैंड दल के 12 पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए 5100-5100 रुपये नकद इनाम एवं प्रशंसा पत्र देने की घोषणा की गई। महानिदेशक संजय अग्रवाल ने कहा कि आर्म्ड बटालियन का प्रत्येक जवान अनुशासन और सेवा का प्रतीक है। ऐसे कार्यक्रमों से पुलिस बल में सकारात्मक ऊर्जा और कार्य के प्रति समर्पण बढ़ता है।

## आलूदा में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान कार्यक्रम आज

मुमन पत्रिका@ नईम अख्तर

**सवाई माधोपुर ।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत 4 जून को जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा बौंली पंचायत समिति के आलूदा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय माथुर ने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1 एवं 2.2 के तहत पूर्ण कार्यो का अवलोकन/लोकार्पण, नवीन कार्यो की स्वीकृति, चारागाहों का चिन्हीकरण, चयनित ग्रामों की ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जल चौपाल तथा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए निबन्ध लेखन, नारा लेखन, चित्रकला, खेलकूद, नुक्कड नाटक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

## विश्व साइकिल दिवस पर टोंक में निकली साइकिल रैली

मुमन पत्रिका

**टोंक।** अंतर्राष्ट्रीय विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर माय भारत टोंक एवं फिटनेस हेडक्वार्टर जिम के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को साइकिल रैली आयोजित की गई। रैली को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट रामरतन सौंकरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली फिटनेस हेडक्वार्टर जिम से शुरू होकर घंटाघर, बड़ा कुआं, सवाईमाधोपुर चौराहा, पटेल सर्किल और कलेक्ट्रेट होते हुए पुनः जिम परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान युवाओं ने 'पैडल चलाएं, स्वास्थ्य अपनाएं, पर्यावरण बचाएं' का संदेश दिया। रैली में 60 से अधिक युवाओं ने भाग लिया, जबकि समापन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, जिम सदस्य एवं नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में युवाओं को फिटनेस एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

## प्रदेश के 26 जिलों में किसानों को दिन में दो ब्लॉक बिजली सप्लाई

मुमन पत्रिका

**जयपुर/टोंक।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के संकल्प के तहत प्रदेश के 26 जिलों में कृषि उपभोक्ताओं को दिन में दो ब्लॉक में बिजली सप्लाई दी जा रही है। अब इस योजना में चित्तौड़गढ़ और टोंक जिले को भी शामिल किया गया है। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के निर्देशन में विद्युत वितरण निगम चरणबद्ध तरीके से विद्युत तंत्र को मजबूत कर रहे हैं। ऊर्जा सचिव आरती डोगरा ने बताया कि किसानों को दिन में बिजली मिलने से रात्रि सिंचाई की परेशानी से राहत मिल रही है। प्रदेश में विद्युत नेटवर्क मजबूत करने के लिए पिछले ढाई वर्षों में 59 ग्रिड सब स्टेशन और 444 नए 33 केवी सब स्टेशन स्थापित किए गए हैं। वहीं पीएम कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा परियोजनाओं का भी तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

## वंदे गंगा अभियान के तहत मीडिया राउंड टेबल आयोजित

मुमन पत्रिका

**टोंक।** वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान 2026 के तहत बुधवार को जिला परिषद सभागार में मीडिया राउंड टेबल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने कहा कि जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने में मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चलाया जा रहा यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण और जल अपव्यय रोकने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।
उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रौहलानिया ने बताया कि अभियान के तहत ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर जल संरक्षण, स्वच्छता, श्रमदान और तालाब-बावड़ियों की सफाई जैसे कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं जिले के पत्रकारों ने भाग लिया।

# सावधानः राजस्थान में अब घरों में दुकान या ऑफिस खोलने पर लगी रोक, भजनलाल सरकार हुई सख्त!

जयपुर।

अगर आप भी अपने घर के आगे कोई नई दुकान खोलने या घर से ही कोई नया ऑफिस या कारोबार शुरू करने की सोच रहे हैं, तो सावधान हो जाइए! राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग ने एक ऐसा कड़ा फैसला लिया है, जो आपके इस प्लान पर पानी फेर सकता है। नए नियमों के मुताबिक, अब रिहायशी मकानों में नई दुकानें या कमर्शियल काम पूरी तरह गैर-कानूनी माने जाएंगे।

### क्या है सरकार का यह नया फरमान?

अब नहीं खुलेंगी नई दुकानें: सरकार ने साफ कर दिया है कि अब किसी भी आवासीय मकान (रहने वाले घर) में नया बिजनेस शुरू करने के लिए कोई नया लाइसेंस नहीं दिया जाएगा। यानी अब आप अपने घर को दुकान या दफ्तर में नहीं बदल पाएंगे।
पुराने दुकानदारों को आखिरी राहतः जिन लोगों के पास साल 2017 या उससे पहले का पुराना लाइसेंस है, सिर्फ उन्हें ही राहत मिलेगी। वे अपने लाइसेंस को रिन्यू (नवीनीकरण) करवा सकेंगे और उनका काम चलता रहेगा।

### जिनके पास लाइसेंस नहीं है उन पर कार्रवाई होगी

**नया काम शुरू करने पर पाबंदी:** अगर आपने बिना सरकार की अनुमति के घर से कोई नया काम शुरू करने की सोची, तो उस पर ताला लग सकता है। नया बिजनेस शुरू करने के लिए अब आपको कमर्शियल टैक्स चुकाना होगा और कमर्शियल जगह पर ही जाना पड़ेगा।
**चेतावनी:** यदि आप भी घर से कोई नया व्यवसाय या दुकान खोलने का मन बना रहे हैं, तो रुक जाइए! बिना कमर्शियल लाइसेंस और बिना लैंड कन्वर्ट (जमीन का प्रकार बदले) कराए काम शुरू करना आपको बड़ी मुसीबत में डाल सकता है।

### ये छोटे बिजनेस और दुकानें आ सकती हैं दायरे में:

किराना और जनरल स्टोरः जो लोग अपने घर के आगे का कमरा निकालकर छोटी परचून, डेयरी या जनरल स्टोर की नई दुकान खोलने क सोच रहे हैं। ब्यूटी पार्लर और सैलूनः घरों के अंदर महिलाओं द्वारा खोले जाने वाले ब्यूटी पार्लर, बुटीक, सिलाई केंद्र या पुरुषों के सैलून। कोचिंग सेंटर और ट्यूशन क्लासेसः घरों के कमरों या बेसमेंट में चलने वाले नए छोटे कोचिंग इंस्टिट्यूट या कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर प्राइवेट ऑफिस और कंसलटेंसीः सीए (ष्ट), वकील, प्रॉपर्टी डीलर, या किसी भी तरह के छोटे स्टार्टअप का नया ऑफिस जो घर से शुरू करने का प्लान था मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक रिपेयरः गली-मोहल्लों में घरों से चलने वाली मोबाइल रिचार्ज, रिपेयरिंग या इलेक्ट्रॉनिक्स की नई दुकानें सरल शब्दों में कहें तो, कोई भी ऐसा काम जिससे पैसा कमाया जाता है (कमर्शियल एक्टिविटी) और जिसके लिए सरकार से लाइसेंस लेने की जरूरत पड़ती है, वह सब इस नियम के घेरे में आ जाएगा।

अगर आप ऐसा कोई भी नया काम घर से शुरू करने का मन बना रहे हैं, तो पहले आपको सरकार के नियमों के तहत उस जगह का 'लैंड कन्वर्जन' (जमीन को रिहायशी से व्यावसायिक में बदलना) कराना होगा और जरूरी टैक्स भरना होगा, वरना बिना इसके काम शुरू करना अब गैर-कानूनी होगा।

# टोंक पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 101 गुमशुदा मोबाइल बरामद

मुमन पत्रिका

**टोंक।** पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में जिलेभर में चलाए गए विशेष अभियान के तहत साइबर सेल एवं थाना स्तर की टीमों ने 18.50 लाख रुपए कीमत के 101 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर परिवादियों को लौटाए। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने टोंक पुलिस का आभार जताया। इसी क्रम में नगरफोर्ट थाना पुलिस ने साइबर ठगी की रकम कमीशन पर अपने बैंक खाते में डलवाने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

वहीं टोडारायसिंह थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे दो टॉप-10 आरोपियों को गिरफ्तार किया। दूसरी ओर दूनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। एसपी रोशन मीना ने आमजन से गुम या चोरी हुए मोबाइल की जानकारी तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज कराने की अपील की है।





## जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का कलेक्ट्रेट घेराव, समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी



मुमन पत्रिका

**बारां।** जिले में पेयजल संकट, बदहाल बिजली व्यवस्था, क्षतिग्रस्त सड़कों, चिकित्सा अव्यवस्थाओं एवं किसानों की समस्याओं को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट घेराव कर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अन्ता विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने किया। कलेक्ट्रेट के सामने आयोजित धरने में जिलेभर से कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान एवं आमजन शामिल हुए। धरने को संबोधित करते हुए प्रमोद जैन भाया ने कहा कि बारां जिले की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है। भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहरा गया है, बिजली व्यवस्था चरमरा चुकी है तथा सड़कों की खराब स्थिति से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हंसराज मीणा ने कहा कि सरकार एवं प्रशासन की उदासीनता से जनता परेशान है। वहीं जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व स्वास्थ्य सुविधाओं की खराब स्थिति पर चिंता जताई। धरने के बाद कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर पेयजल संकट समाधान, खराब हैंडपंपों की मरम्मत, निर्बाध बिजली आपूर्ति, सड़कों की मरम्मत, किसानों को मुआवजा एवं बीमा राशि भुगतान सहित विभिन्न मांगें रखीं।

## बालदड़ा के युवक ने लौटाई सोने की बाली, पेश की, ईमानदारी की मिसाल



मुमन पत्रिका

**बारां।** बालदड़ा गांव निवासी मोहम्मद अरशद ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए बस में मिली एक महिला की सोने की बाली सुरक्षित लौटाकर इंसानियत का परिचय दिया है। जानकारी के अनुसार अरशद जयपुर से लौट रहे थे, तभी उन्हें बस में सोने की बाली मिली। काफी पूछताछ के बाद भी मालिक का पता नहीं चलने पर उन्होंने बस चालक को अपना मोबाइल नंबर दे दिया, ताकि कोई जानकारी मिलने पर संपर्क किया जा सके। कुछ समय बाद टोंक निवासी प्रियंका का फोन आया, जिनकी बाली बस में गुम हो गई थी। अरशद ने पूरी ईमानदारी के साथ उन्हें उनकी बाली लौटा दी। अपनी खोई हुई अमानत वापस पाकर प्रियंका ने अरशद का आभार जताया।

## वन्दे गंगा अभियान के तहत गुरुवार को होगी सीएसआर कार्यशाला

मुमन पत्रिका



**बालोतरा।** राज्य सरकार के 'वन्दे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, बालोतरा द्वारा गुरुवार 4 जून को सीएसआर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला दोपहर 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी, जिसमें औद्योगिक संस्थानों एवं सरकारी-निजी कार्यालयों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। महाप्रबंधक दुश्यंत पटेल ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण में उद्योगों और संस्थानों की भागीदारी बढ़ाना है। इसमें मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के कार्यों के लिए सीएसआर एवं गैप फंडिंग सहयोग पर चर्चा की जाएगी। कार्यशाला में जल प्रबंधन, ग्रीन ऑफिस इनिशिएटिव, एनर्जी ऑडिट एवं ग्रीन बजट जैसी पर्यावरण अनुकूल अवधारणाओं की जानकारी भी दी जाएगी। संबंधित विभागों एवं संस्थानों से कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है।

## वन्दे गंगा अभियान के तहत सीएसआर कार्यशाला आज

मुमन पत्रिका

**बालोतरा।** राज्य सरकार के 'वन्दे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, बालोतरा द्वारा गुरुवार को सीएसआर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला दोपहर 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी।
महाप्रबंधक दुश्यंत पटेल ने बताया कि कार्यशाला में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन एवं मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के तहत सीएसआर सहयोग पर चर्चा की जाएगी। साथ ही ग्रीन ऑफिस, एनर्जी ऑडिट एवं ग्रीन बजट जैसी पर्यावरण अनुकूल अवधारणाओं की जानकारी दी जाएगी।
कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों एवं सरकारी-निजी कार्यालयों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

## बीट स्तर पर पुलिस की जनसुनवाई, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

मुमन पत्रिका@ मेमराज गुर्जर

**खंडार।** पुलिस प्रशासन द्वारा प्रत्येक बुधवार को बीट स्तर पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत खण्डेवला एवं बहरावंडा खुर्द क्षेत्र में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन को साइबर फ्रॉड, सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था संबंधी जानकारी भी दी।
खण्डेवला में बीट प्रभारी सीटूराम मीणा एवं कांस्टेबल अमृतलाल सेन ने अटल सेवा केंद्र और गांव की चौपाल पर ग्रामीणों से संवाद किया। वहीं बहरावंडा खुर्द अटल सेवा केंद्र में चौकी प्रभारी धर्मपाल सिंह एवं बीट प्रभारी कांस्टेबल मुकेश फामड़ा ने जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में भूमि विवाद, आपसी झगड़े, साइबर अपराध एवं घरेलू विवाद से जुड़े मामलों पर



चर्चा हुई। पुलिस अधिकारियों ने समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाते हुए ग्रामीणों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

## भाजपा एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष बनने पर नेमीचंद मीणा का स्वागत



मुमन पत्रिका

**वजीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नेमीचंद मीणा फुलवाड़ा को भाजपा अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चा सवाई माधोपुर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

फुलवाड़ा पेपट में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेमीचंद मीणा का साफा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया तथा नेमीचंद मीणा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

### ब्लॉक अध्यक्ष विमल मीणा के नेतृत्व में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मुमन पत्रिका

**चौथ का बरवाड़ा।** बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक मामलों को लेकर बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक अध्यक्ष विमल मीणा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर नारेबाजी की और एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पेट्रोल-डीजल, गैस सहित आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि महंगाई से



आमजन और गरीब तबका सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में युवाओं को पेपर लीक और बेरोजगारी की समस्या से राहत दिलाने की मांग भी उठाई गई।

## विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता एवं जनभागीदारी आधारित कार्यक्रमों का आयोजन

मुमन पत्रिका@ नईम अख्तर

सवाई माधोपुर 3 जून। विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत केंद्र के मार्गनिर्देशन में ग्राम बहतेड पंचायत समिति मलारना डूंगर में जागरूकता एवं जनभागीदारी आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवा मंडल अध्यक्ष एवं माय भारत वॉलंटियर शिफाअत खान के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम के तहत युवाओं एवं ग्रामीणों की सहभागिता से साइकिल रैली निकाली गई, जिसका उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा युवाओं को फिट इंडिया अभियान से जोड़ना रहा। रैली में युवाओं, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वस्थ युवा-सशक्त भारत का संदेश दिया। इसी के साथ प्रधानमंत्री की प्रेरणा से माय भारत पोर्टल पर आयोजित नेशन फर्स्ट चैलेंज कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। युवाओं से प्रधानमंत्री के नेशन फर्स्ट संदेश को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर फिट इंडिया शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी युवाओं एवं प्रतिभागियों ने नियमित व्यायाम, फिटनेस एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। साथ ही वंदे गंगा जल संरक्षण शपथ के माध्यम से जल बचाने, जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने एवं वर्षा जल संरक्षण हेतु जनजागरूकता का संदेश दिया गया।

## अग्रवाल समाज वात्सल्य सामूहिक वैवाहिक महोत्सव पत्रिका का विमोचन



मुमन पत्रिका

**चौथ का बरवाड़ा।** अग्रवाल समाज चौरासी के तत्वावधान में 24 जून को आयोजित होने वाले 24वें वात्सल्य सामूहिक वैवाहिक महोत्सव को लेकर मंगलवार को चौथ का बरवाड़ा में आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया। इस दौरान अग्रवाल समाज चौरासी की कार्यकारिणी ने स्थानीय अग्रवाल समाज को स्नेहपूर्वक महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया।
पत्रिका विमोचन कार्यक्रम में संरक्षक बसंत जैन एवं महेंद्र जैन, मंत्री गोविंद नारायण जैन, कोषाध्यक्ष शांतिलाल पचेवर वाले, महामंत्री मनोज जैन, शिवाड़-बरवाड़ा ब्लॉक युवा अध्यक्ष चेतन जैन, मंत्री चंद्रप्रकाश गोयल, बरवाड़ा अग्रवाल समाज अध्यक्ष चंद्रप्रकाश जैन, दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष विनोद जैन सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
कार्यक्रम के दौरान समाज में एकता, सहयोग एवं सामाजिक सरोकारों को मजबूत बनाने पर भी चर्चा की गई।

## पंचायत सहायक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



मुमन पत्रिका

बौंली।पंचायत शिक्षक एवं विद्यालय सहायकों की बैठक बुधवार को सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय स्थित महावीर पार्क में आयोजित हुई। बैठक के बाद विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।
जिला अध्यक्ष हेमराज दीक्षित ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बजट में दो वर्ष की छूट लागू करने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है, जिससे शिक्षकों में रोष है। उन्होंने पंचायत शिक्षक एवं विद्यालय सहायकों को नियमित करने की मांग भी उठाई।
इस दौरान बौंली ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम गुर्जर, ओमप्रकाश मीणा, निधि शर्मा, कमलेश मीणा, गिर्राज शर्मा, नवल गुर्जर, रामेश्वर, आसाराम मीणा व जितेंद्र शर्मा सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## 19 जून को जयपुर में होगा ONDC DigiDukaan लॉन्च



मुमन पत्रिका

**जयपुर।** जयपुर व्यापार महासंघ की ओर से 19 जून को बिरला ऑडिटोरियम में ONDC DigiDukaan Launch सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए बुधवार को मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान गणेशजी को निमंत्रण अर्पित किया गया। महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि यह आयोजन जयपुर के व्यापारिक जगत में डिजिटल क्रांति की शुरुआत साबित होगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। महामंत्री सुरेश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में 3000 से अधिक व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में व्यापारियों को ONDC पर निःशुल्क ऑनबोर्डिंग, डिजिटल कैटलॉग, UPI पेमेंट इंटीग्रेशन और डिजिटल मार्केटिंग की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर महासंघ के कई पदाधिकारी एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पत्रकारों ने किया जल संरक्षण कार्यों का फील्ड भ्रमण



मुमन पत्रिका

**बालोतरा।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत बुधवार को जिले के पत्रकारों ने भाण्डियावास एवं तिरसिंघड़ी क्षेत्र में जल संरक्षण संरचनाओं और तालाबों का फील्ड भ्रमण कर कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान पत्रकारों ने ग्रामीणों से संवाद कर जल संरक्षण कार्यों के प्रभाव और उपयोगिता की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि तालाबों एवं जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण से वर्षा जल का बेहतर संचयन हो रहा है, जिससे पेयजल उपलब्धता और भू-जल स्तर में सुधार हुआ है। साथ ही कृषि एवं पशुपालन कार्यों में भी लाभ मिल रहा है। जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता घनश्याम सिंह चौहान ने बताया कि तिरसिंघड़ी एवं करणीसर तालाबों का जीर्णोद्धार एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड के सीएसआर मद से कराया जा रहा है। परियोजनाओं के तहत सफाई, खुदाई, पिचिंग, सुरक्षा दीवार, घाट निर्माण और पौधरोपण जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

## बामनवास नगरपालिका में संतोष मीणा ने संभाला पुनः कार्यभार

मुमन पत्रिका

**बामनवास।** नगरपालिका बामनवास में अधिशाषी अधिकारी संतोष मीणा ने पुनः पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नगरपालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने माला पहनाकर और साफा बांधकर उनका स्वागत किया तथा शुभकामनाएं दीं। कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान कर्मचारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नगरपालिका कार्मिक दिलराज मीणा ने बताया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संतोष मीणा के पुनः कार्यभार संभालने पर खुशी जताई।

## भारत विकास परिषद बौंली सामाजिक सरोकारों में निभा रही अग्रणी भूमिका

मुमन पत्रिका@ दीपक गिरी

**बौंली।** भारत विकास परिषद शाखा बौंली सामाजिक सरोकारों को लेकर लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। परिषद द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश दिया जा रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए परिषद ने क्षेत्र में 400 से अधिक परिंदे बांधकर बेजुबान पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की है। वहीं मानसून से पहले पौधारोपण महाअभियान शुरू करते हुए इस वर्ष 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। परिषद द्वारा हाल ही में सर्वजातीय निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। इसके अलावा निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर एवं रक्तदान शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है। संस्था के सेवा कार्यों को क्षेत्र के लोगों एवं समाजसेवियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। शाखा पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी समय में भी जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## भारत विकास परिषद बौंली सामाजिक सरोकारों में निभा रही अग्रणी भूमिका



मुमन पत्रिका@ दीपक गिरी

**बौंली।** भारत विकास परिषद शाखा बौंली सामाजिक सरोकारों को लेकर लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। परिषद द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश दिया जा रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए परिषद ने क्षेत्र में 400 से अधिक परिंदे बांधकर बेजुबान पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की है। वहीं मानसून से पहले पौधारोपण महाअभियान शुरू करते हुए इस वर्ष 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। परिषद द्वारा हाल ही में सर्वजातीय निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। इसके अलावा निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर एवं रक्तदान शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है। संस्था के सेवा कार्यों को क्षेत्र के लोगों एवं समाजसेवियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। शाखा पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी समय में भी जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## विश्व साइकिल दिवस पर बहतेड़ में युवाओं ने दिया फिट इंडिया और जल संरक्षण का संदेश




मुमन पत्रिका@राशिद खान

**मलारना डूंगर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत केंद्र के निर्देशन में ग्राम पंचायत बहतेड़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा मंडल अध्यक्ष एवं माय भारत वॉलंटियर शिफाअत खान के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण एवं फिट इंडिया अभियान का संदेश दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री की प्रेरणा से आयोजित नेशन फर्स्ट चैलेंज के पोस्टर का विमोचन किया गया तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया गया। प्रतिभागियों ने फिट इंडिया एवं वंदे गंगा जल संरक्षण शपथ लेकर स्वास्थ्य और जल संरक्षण के प्रति संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें युवाओं ने फिट इंडिया, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया तथा माय भारत कैप्स वितरित की गईं। मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक हारुन खान ने साइकिल को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम के समापन पर शाहबाज हाजी ने राष्ट्रहित, जल संरक्षण और स्वस्थ भारत के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर शाहरुख, सलमान और मोनिश सहित माय भारत युवा मंडल बहतेड़ के सदस्य मौजूद रहे।

## समर कैंप में बच्चों को दिए सेहतमंद रहने के टिप्स



मुमन मुमन

**चौथ का बरवाड़ा।** भीषण गर्मी को देखते हुए 'म्हारो बरवाड़ो फाउंडेशन' द्वारा संचालित समर कैंप में बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसमें चिकित्सा विशेषज्ञों और आयुर्वेदाचार्यों ने बच्चों को गर्मी में स्वस्थ रहने और लू से बचाव के उपाय बताए। सीएचसी प्रभारी डॉ. गणपत लाल मीणा ने बच्चों को दोपहर की तेज धूप से बचने, सिर ढककर बाहर निकलने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी। उन्होंने अचानक ठंडी जगह से तेज धूप में जाने से भी बचने को कहा। वहीं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी वैद्य मुनीन्द्र कुमार ने बच्चों को आम पन्ना, छाछ, नींबू पानी और मौसमी फलों के सेवन के फायदे बताए। उन्होंने बाजार के कोल्ड ड्रिंक्स से दूरी बनाने और हल्का भोजन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में बच्चों ने डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी सवाल भी पूछे। अभिभावकों ने फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सत्र बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मददगार साबित होंगे।

## तेज आंधी-तूफान का कहर, पुलिस चेकपोस्ट का तंबू गिरा, पेड़ टूटने से बाइक क्षतिग्रस्त



मुमन पत्रिका@राशिद खान

**मलारना डूंगर।** क्षेत्र में बुधवार को आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने कुछ समय के लिए जनजीवन को प्रभावित कर दिया। लालसोट-कोटा मेगा हाईवे पर भाड़ौती मोड़ स्थित अस्थायी पुलिस चेकपोस्ट का तंबू तेज आंधी के कारण टूटकर गिर गया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय तंबू में कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। वहीं मथुरा-भाड़ौती हाईवे पर शेषा के ढोले के पास तेज आंधी के चलते एक नीम का पेड़ धराशायी हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक शुरू हुई ओलावृष्टि और बारिश से बचने के लिए कुछ बाइक सवार पेड़ के नीचे खड़े हुए थे। इसी दौरान पेड़ टूटकर गिर गया, जिससे अजीत सिंह मीणा निवासी ताजपुरा मंडावरी की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पेड़ के नीचे खड़े अन्य लोगों ने समय रहते इधर-उधर भागकर अपनी जान बचाई। पेड़ का कुछ हिस्सा हाईवे पर गिरने से कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। आंधी-तूफान के कारण क्षेत्र के अन्य स्थानों पर भी पेड़ और बिजली के पोल गिरने से नुकसान होने की सूचना है। प्रशासन और संबंधित विभागों की टीमें नुकसान का आकलन करने में जुटी हुई हैं।

# राजस्थान को विश्व पर्यटन का सिरमौर बनाने की तैयारी

### दिया कुमारी ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश

मुमन पत्रिका@ अशफाक अब्बासी



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान को विश्व पर्यटन मानचित्र पर नंबर वन डेस्टिनेशन बनाने का संकल्प दोहराते हुए अधिकारियों को पर्यटन परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बुधवार को पर्यटन भवन में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि नवाचार, प्रभावी ब्रांडिंग और तेज क्रियान्वयन से राजस्थान पर्यटन वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाएगा।

बैठक में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, पर्यटन सचिव शुचि त्यागी, पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन आनंद त्रिपाठी, पवन जैन, संयुक्त निदेशक राजेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री ने पुष्कर कॉरिडोर, महाराणा प्रताप सर्किट, झुंझुनूं वॉर म्यूज़ियम और आमेर मास्टर प्लान जैसी प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग की मीडिया प्लानिंग और मीडिया बायिंग पर भी चर्चा की तथा देश-विदेश में रोड शो के माध्यम से राजस्थान पर्यटन के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान पर्यटन की मजबूत ब्रांडिंग और डिजिटल मार्केटिंग की आवश्यकता है। इसके लिए सोशल मीडिया और आधुनिक तकनीकों का अधिकाधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने एआई आधारित टूरिज्म ऐप विकसित करने पर भी जोर दिया।

बैठक में एस्ट्रो टूरिज्म को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान का स्वच्छ आकाश और न्यूनतम प्रकाश प्रदूषण इसे विश्व का बेहतरीन स्टारगेजिंग डेस्टिनेशन बनाते हैं। जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर को स्टारगेजिंग हब के रूप में विकसित करने तथा पश्चिमी राजस्थान के क्षेत्रों को डार्क स्काई रिजर्व घोषित करने पर विचार किया गया। वहीं माउंट आबू में ऑब्जरवेटरी टूरिज्म शुरू करने की योजना पर भी चर्चा हुई।

उपमुख्यमंत्री ने Visit Rajasthan in Summers अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुबई की तर्ज पर जैसलमेर और बाड़मेर को वर्ल्ड क्लास डेजर्ट एडवेंचर हब के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए।

बैठक में उदयपुर में वेडिंग प्रमोशन इवेंट और घूमर फेस्टिवल आयोजित करने, मेड़ता स्थित मीराबाई मंदिर के विकास कार्य, शेखावाटी हवेलियों और जयपुर वॉल सिटी में फ्रेस्को पेंटिंग के जरिए सौंदर्यकरण जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।

इसके अलावा 18 नवंबर 2027 को जयपुर स्थापना के 300 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्षभर उत्सव आयोजित करने की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए गए। वहीं राजसमंद, माउंट आबू, उदयपुर, जवाई और कुंभलगढ़ को Pick Your Summer Escape थीम के तहत प्रमोट करने पर भी मंथन किया गया।

# शाहनवाज अंसारी बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेश प्रवक्ता

### भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का जताया आभार

मुमन पत्रिका @ अनीस अहमद



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान की नई प्रदेश कार्यकारिणी में झोटवाड़ा निवासी शाहनवाज अंसारी को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती द्वारा घोषित नई कार्यकारिणी में की गई। यह कार्यकारिणी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार गठित की गई है।

शाहनवाज अंसारी की नियुक्ति को संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका, संगठनात्मक अनुभव एवं अल्पसंख्यक समाज के बीच पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने के प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। प्रदेश प्रवक्ता के रूप में उन्हें संगठन के कार्यक्रमों के संचालन, कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन तथा पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े शाहनवाज अंसारी को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण दायित्व मिलने से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए उनके निवास पर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

नियुक्ति के बाद शाहनवाज अंसारी ने भाजपा प्रदेश नेतृत्व, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं पार्टी संगठन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अल्पसंख्यक समाज तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य करने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर शेर मोहम्मद, सैयद मुजीबुर रहमान, नसीम खान, नईम खान, साइबर आलम अंसारी, मुस्ताक खान, विष्णु अग्रवाल, अशोक सैनी, नदीम हसन, आदिल खान, बंटी खान सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने शाहनवाज अंसारी को शुभकामनाएं देते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर में 2.04 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास-लोकार्पण, कार्यकर्ताओं से योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

मुमन पत्रिका@ अशफाक अब्बासी



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के विद्याधर नगर मंडल के वार्ड संख्या 8 में आयोजित कार्यशाला में सहभागिता करते हुए 2.04 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों से आत्मीय संवाद कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और लोकहितकारी निर्णयों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति हैं और सरकार की उपलब्धियों तथा जनता की अपेक्षाओं के बीच सशक्त सेतु का कार्य करते हैं। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल जी, वार्ड अध्यक्ष श्री अमित शर्मा जी, वार्ड 26 पार्षद श्री दिनेश कांवट जी, वार्ड 21 पार्षद प्रतिनिधि श्री विनोद अग्रवाल जी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री राजू मीणा जी,श्री संदीप जी पंचलंगी, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ कार्यकारिणी, विकास समितियों के अध्यक्ष एवं देवतुल्य जनता उपस्थित रही।

## 50 साल बाद खुला किसानों का रास्ता, प्रशासन का चला बुलडोजर; ढाई किलोमीटर से हटाया अतिक्रमण

मुमन पत्रिका@राशिद खान



**मलारना डूंगर।** राजस्थान सरकार के रास्ता खोलो अभियान के तहत मलारना डूंगर उपखंड क्षेत्र के अनियाला गांव में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 50 वर्षों से बंद पड़े राजस्व रिकॉर्ड के रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया। प्रशासन की इस कार्रवाई से ग्रामीणों और किसानों को लंबे समय बाद आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। तहसीलदार रामजीलाल मीणा के नेतृत्व में बुधवार को चलाए गए रास्ता खोलो अभियान के दौरान खसरा नंबर 114, 165 एवं 458 में तारबंदी खंबे और अन्य माध्यमों से किए गए अतिक्रमणों को दो जेसीबी मशीनों की सहायता से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान अनियाला तालाब से करेल कांकड़ तक करीब ढाई किलोमीटर लंबे रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

प्रशासन ने बताया कि अतिक्रमण हटाने से पूर्व सभी अतिक्रमियों को सात दिन पहले नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई से एक दिन पूर्व राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिकर्मियों से समझाइश

की लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर बुधवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर वर्षों से बंद रास्ते को खुलवाया।

ग्रामीणों का कहना है कि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज इस रास्ते को खुलवाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। रास्ता बंद होने के कारण किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब रास्ता खुलने से किसानों और ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जाब्ता मौके पर तैनात रहा। राजस्व विभाग की टीम में गिरदावर गिर्राज मंगल, पटवारी विजय सिंह, बाबूलाल मीणा सहित ग्राम पंचायत प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित रास्ता खोलो अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज सार्वजनिक रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कर किसानों और आमजन को राहत पहुंचाई जा रही है।

## मुरलीपुरा में 3.06 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यकर्ताओं को दिया जनजागरण का संदेश

मुमन पत्रिका@ अशफाक अब्बासी



**जयपुर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के मुरलीपुरा मंडल के वार्ड संख्या 10 में आयोजित कार्यकर्ता कार्यशाला में सहभागिता करते हुए ?3.06 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर सार्थक चर्चा की। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं और विकास कार्यों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही राज्य सरकार के 'वंदे गंगा - जल संरक्षण जन अभियान' के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा जल प्रबंधन को जनसहभागिता के माध्यम से जन आंदोलन का रूप देने की अपील की।

दिया कुमारी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प का वाहक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सैनी, मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा, वार्ड संयोजक अमित कुमावत, पार्षद कमलेश यादव, पार्षद प्रत्याशी कविता सैनी एवं किरण कंवर, गुलाब सिंह, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ कार्यकारिणी, विकास समितियों के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे

## मलारना डूंगर थाना क्षेत्र में बीट स्तर पर आयोजित हुई जनसुनवाई,ग्रामीणों की सुनी समस्याएं



मुमन पत्रिका@राशिद खान

**मलारना डूंगर।** जिला पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देशन में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बुधवार को मलारना डूंगर थाना क्षेत्र में बीट स्तर पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय सिंह, वृत्ताधिकारी उदयसिंह मीना तथा थाना प्रभारी राजेश कुमार मीना के सुपरविजन में थाना क्षेत्र के बहतेड़,मलारना डूंगर, शेषा, भाड़ोती, आनंदपुरा, अनियाला, कौथाली, रघुवंटी,लाड़ोता, मलारना स्टेशन एवं मलारना चौड़ सहित विभिन्न गांवों में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों को कानून व्यवस्था,महिला सुरक्षा,साइबर अपराध, यातायात नियमों की पालना, नशा उन्मूलन तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। पुलिस अधिकारियों ने आमजन को सुरक्षा उपायों एवं जागरूकता संबंधी जानकारी देकर पुलिस की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया। थाना प्रभारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि बीट स्तर पर आयोजित ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन के साथ विश्वासपूर्ण संबंध स्थापित करना, संवाद को मजबूत बनाना तथा जनता की भागीदारी से अपराधों पर रोकथाम लगाना है। साथ ही ग्रामीणों के सुझावों के आधार पर पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा स्थानीय स्तर पर प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में जनसुनवाई कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा करने की अपील की गई।

## मस्टररोल जारी करने के नाम पर ?25 हजार की रिश्वत लेते कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार

मुमन पत्रिका

**धौलपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने धौलपुर जिले की बसेड़ी पंचायत समिति रतनपुर में कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ सहायक रमेश कुमार को ?25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी मनरेगा योजना के तहत मस्टररोल जारी करने के बदले रिश्वत मांग रहा था।



एसीबी को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि आरोपी ?26 हजार की मांग कर रहा है। शिकायत के सत्यापन के बाद बुधवार को एसीबी भरतपुर रेंज के डीआईजी ओमप्रकाश मीणा के निर्देशन में डीएसपी ज्ञानचन्द के नेतृत्व में टीम ने ट्रैप कार्रवाई की।

जैसे ही परिवादी ने आरोपी को 25 हजार दिए, एसीबी टीम ने उसे दबोच लिया। रिश्वत की रकम आरोपी की पैंट की जेब से बरामद हुई। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## टेम्पो की टक्कर से महिला की मौत के मामले में चालक के खिलाफ केस दर्ज

मुमन पत्रिका@राशिद खान

**मलारना डूंगर।** थाना क्षेत्र के मलारना स्टेशन रोड स्थित सैनीपुरा में टेम्पो की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत के मामले में पुलिस ने टेम्पो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतका के पुत्र विजेश कुमार सैनी ने मलारना डूंगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 27 मई को दोपहर करीब 1:30 बजे उसकी माता बदाम देवी घर के पास स्थित दुकान पर सामान लेने जा रही थीं। इसी दौरान मलारना स्टेशन की तरफ से आ रहे एक लोडिंग टेम्पो के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से उसकी माता को टक्कर मार दी हादसे के बाद टेम्पो चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल बदाम देवी को परिजन तत्काल मलारना डूंगर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और टेम्पो को जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से थाने में खड़ा करवा दिया था। अब मृतका के पुत्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने टेम्पो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

स्वात्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक फरजाना बानो, अरमान प्रिन्टर्स चौथ का बरवाडा, जिला-सवाई माधोपुर (राज) 322702 से मुद्रित व चौथ का बरवाडा, जिला-सवाई माधोपुर (राज.) 322702 से प्रकाशित, कार्यालय- चतुर्भुज मन्दिर के पास चौथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर (राज.) 322702 मोबाईल नं. 8209536639